B.A. Part I Social Psychology
(H)

Q. नेतृत्व के विभिन्न प्रकार का वर्णन करें

Ans:- नेतृत्व के अनेक प्रकार हैं। सामाजिक मनोवैज्ञानिक के नेतृत्व के संबंध में अनेक वर्गीकरण प्रस्तुत किये हैं यहा नेतृत्व के अलग - अलग वर्गीकरण न प्रस्तुत करके केवल नेतृत्व के कुछ प्रमुख प्रकारों का वर्गीकरण किया जाता है।-

(1.) नौकरशाही नेता :- नौकरशाही नेतृत्व लगभग प्रशासनिक नेतृत्व के समान है। दूसरे शब्दों में यह वह नेता है जो सरकार चलाते है। यह नेता लकीर के फकीर होते है - नियमों और कानून पर अधिक निर्भर होते है। यह अपने से बड़े अफसरों की मक्खनबाजी करते हैं। यह बड़े व्यवहारकुशल और चतुर होते हैं। नौकरशाही नेतृत्व में कार्यों का बँटवारा होता है।

(2.) दैविक नेता :- इस प्रकार नेता वे नेता है जिनमें कोई दैवी शक्ति होती है, बड़े-बड़े धार्मिक पुरुष और महापुरुष इस वर्ग के अंतर्गत आते हैं। विशिष्ट शक्ति या आशीर्वाद के कारण इनमें अद्भुत कार्य करने की क्षमता होती है। जब एक समाज की समस्याओं का सामान्य तरीकों से हल नहीं निकल पाता है तब इस प्रकार के नेतृत्व की उत्पत्ति होती है।

(3.) सत्तावादी या निरंकुश नेतृत्व :- सत्तावादी नेता को निरंकुश नेता भी कहा जाता है। निरंकुश नेता की प्रकृति और दृष्टिकोण जिद्दी प्रकार की होती है। वह अपनी स्वेच्छा से अपना कार्य और नेतृत्व करता है, इनमें वह किसी प्रकार का परिवर्तन पसंद नही करता है।

Scanned by TapScanner

(4) प्रजातांत्रिक नेतृत्व :- इस प्रकार के नेतृत्व को लोकतांत्रिक नेतृत्व भी कहते है। इस प्रकार का नेतृत्व वह है जिसमे जनता की इच्छा और हितों सर्वोपरि मानकर नेतृत्व किया जाता है। इस प्रकार के नेता जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर अपने नेतृत्व करता है। इस प्रकार का नेता शक्ति को अपने में केन्द्रित नहीं करता है बल्कि शक्ति का वितरण करता है। यह अपने समूह में अंतः वैयक्तिक सम्बंधों को बढ़ावा देते है जिससे समूह में एकता एवं संगठन पनपता है। अतः ऐसा सम्बंधों को बढ़ावा ~~देने~~ देता है जिससे समूह में एकता एवं संगठन पनपता है। अतः ऐसा नेता समूह के तनावों को दूर करता है। यह नेता समूह के सदस्यों के साथ हर प्रकार से सहयोग करता है।

Dr. Randhir Kumar
Dept of Psychology
Subject - Social Phychology
Papper - IV
V.R.C. Rosera Samastipur
9570435959, 9431855428

Scanned by TapScanner